

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



ग्वालियर|| वर्ष : 03 अंक:41 | ग्वालियर सोमवार, 10 फरवरी 2020 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.


## संक्षिप्त समाचार

### शाह और नड्डा ने की मतदान समीक्षा, राजनीतिक दल कर रहे एग्जिट पोल पर चर्चा





**नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदान के बाद देर रात दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंथन जारी रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, चुनाव प्रभारी प्रकाश जावडेकर समेत दिल्ली के सभी सांसदों व अन्य नेताओं के साथ मतदान की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदान की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। दिल्ली में 21 जनवरी को नामांकन के बाद से 6 फरवरी तक अमित शाह ने 42 नुक्कड़ सभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की हरसंभव कोशिश की। अंतिम समय तक भाजपा नेता मैदान में डटे रहे है। दिल्ली चुनाव में लगे नेताओं से वह मतदान की जानकारी भी हासिल करते रहे और रात में प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच गए। प्रत्येक सांसद से उन्होंने उसके संसदीय क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदान व भाजपा की संभावनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी (आप) की सत्ता में वापसी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने नेताओं को इस तरह की संभावनाओं पर ध्यान देने से मतगणना की तैयारी करने और तब तक ईवीएम की निगरानी की हिदायत दी। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अनुभवी कार्यकर्ताओं को मतगणना एजेंट बनाने की हिदायत दी।

### जातिवादी मानसिकता वाला सियासी दल है सपाः मायावती



**लखनऊ।** 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सियासी मकसद साधने के लिए एक दूसरे को गले लगाने वाली उत्तर प्रदेश की दो बड़ी सियासी पार्टियों बहुजनसमाज पार्टी (बसपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के रास्ते अब पूरी तरह से अलग हो गए हैं। संत रविदास की 643वीं जयंती के मौके पर बसपा प्रमुख मायावती ने सपा को जातिवादी मानसिकता वाली पार्टी बताया है। मायावती ने कहा जब सपा की सरकार थी तो उन्होंने भदोही जिले का नाम बदल दिया था। मायावती ने कहा कि संत रविदास की जयंती पर हर किसी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में संत रविदास पॉलिटेक्निक चंदौली की स्थापना, संत रविदास एससी-एसटी प्रशिक्षण संस्थान, वाराणसी में गंगा नदी पर बनने वाले पुल का नाम संत रविदास के नाम पर करने, बदायूं में संत रविदास धर्मशाला हेतु सहायता, बिल्सी में संत रविदास की प्रतिमा स्थापना की स्वीकृति देने जैसे काम करके संत रविदास के प्रति श्रद्धा प्रकट की है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने अपने बयान में समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि बीएसपी के सत्ता में आने पर भदोही जिले का नाम फिर से संत रविदास नगर रखा जाएगा जिसे जातिवादी मानसिकता के तहत ही पिछली सपा सरकार ने बदल दिया है।

### हर साल लेप्रोसी के मिल रहे 32 नए मरीजः रिपोर्ट

**रायपुर ।** प्रदेश सरकार के लाख दावों के बाद भी कुष्ठ के नए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। छत्तीसगढ़ में लेप्रोसी का प्रिलिसेंस दर प्रति 10 हजार की जनसंख्या में 1.99 फीसदी है, जो देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में बीते एक साल के दौरान कुष्ठ रोग के करीब 9 हजार से अधिक मरीजों की पहचान हुई है, जिसमें से चिंताजनक हालात प्रदेश के आठ जिलों का है, जहां बहुत तेजी से कुष्ठ रोग फैल रहा है। इसमें से रायगढ़ में 1480 मरीज, रायपुर में 1021, दुर्ग में 906, बिलासपुर में 670 मरीज बलौदाबाजार में 583 और महासमुंद में 437 नए मरीज मिले हैं। कुष्ठ रोग से पीड़ित ताजा आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में प्रति दस हजार आबादी पर यह रोग 2.14 फीसदी की दर से फैल रहा है। देशभर के कुष्ठ रोग से पीड़ित 7 फीसदी मरीज अकेले छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में हैं। छत्तीसगढ़ में इस साल नए कुष्ठ रोगियों की पहचान की दर देखें तो यहां प्रति एक लाख की आबादी पर 32 नए मरीज सामने आए हैं। यह खुलासा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का है।

### उपराष्ट्रपति ने पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के दौरे पर विशाखापत्तनम पहुंचे। आईएनएस डेगा में पहुंचने पर वाइस एडमिरल अतुल कुमार जैन, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ईएनसी और आंध्र प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री मुत्तमसेत्ती श्रीनिवास राव एवं अन्य ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने औपचारिक सलामी गारद ली और उसके बाद एचक्यूसीसी में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ईएनसी के साथ विचार-विमर्श किया। उन्हें ईएनसी की भूमिका और जिम्मेदारियों पर एक व्यापक जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति को बंदरगाह से सुपरिचित कराने के लिए उन्हें नौका से घुमाया गया।

# शाहीन बाग से प्रदर्शनकारियों को हटाने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागरिकता संसोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के विरोध में शाहीन बाग में जारी प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर कल यानी सोमवार को सुनवाई होगी। यह प्रदर्शन 57 दिनों से यह प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों को हटाने की मांग को लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी।





वकील और सामाजिक कार्यकर्ता अमित साहनी सहित कई लोगों की तरफ से दायर एक याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई करने का फैसला किया है। याचिका में शाहीन बाग के बंद पड़े रास्ते को खुलवाने की मांग की गई है। इसके अलावा याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस पूरे मसले में हिंसा को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज या हाईकोर्ट के किसी मौजूदा जज द्वारा निगरानी की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच इस पर सुनवाई करेगी। दरअसल, नागरिक संशोधन कानून के विरोध में शाहीन बाग में हजारों लोग दिसंबर 2019 से सड़क संख्या 13 ए (मथुरा रोड से कालिंदी कुंज) पर बैठे हुए हैं। यह मुख्य सड़क दिल्ली को नोएडा, फरीदाबाद से जोड़ती है और रोजाना लाखों लोग आवाजाही में इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

#### हाईकोर्ट में भी दायर की गई थी याचिका

बता दें कि साहनी की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में बीते 13 जनवरी को जनहित याचिका दायर करते हुए मांग की गई था शाहीन बाग में सड़क पर बैठे प्रदर्शनकारियों को हटाया जाए, क्योंकि इससे आम लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल लोग कई कई घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं, बल्कि ईंधन की बर्बादी और प्रदूषण भी लगातार बढ़ रहा है। उनकी इस याचिका पर हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया था वह व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए और कानून व्यवस्था को भी कायम रखते हुए उपर्युक्त कार्यवाही करे। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए थे कि कानून व्यवस्था कायम करना पुलिस का क्षेत्राधिकार है और कानून व्यवस्था कायम रखते हुए वह इस संबंध में कदम उठाए।

#### दिल्ली पुलिस ने की थी प्रदर्शनकारियो से अपील

इसके बाद दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से सड़क से हटने की अपील की थी, लेकिन वह नहीं माने और लगातार डटे हुए हैं। इसके बाद वकील अमित साहनी ने शीर्ष अदालत का रुख करते हुए एक स्पेशल लीव पिटीशन दायर की थी। इस याचिका में मुख्य रूप से कहा गया है कि किसी भी नागरिक का प्रदर्शन करना उसका मौलिक अधिकार है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी मनाही नहीं की जा सकती, लेकिन प्रदर्शनकारियों को यह अधिकार बिल्कुल नहीं है कि वो अपने मन मुताबिक जगह पर प्रदर्शन करें, जिससे लाखों लोगों का जनजीवन प्रभावित हो। ऐसे किसी प्रदर्शन से आम लोगों का सड़क मार्ग से गुजरने का अधिकार प्रभावित नहीं किया जा सकता और ऐसे किसी भी प्रदर्शन को अनिश्चितकाल तक जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। लिहाजा, शीर्ष अदालत से मांग की गई कि आम जनमानस को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए न केवल दिल्ली पुलिस बल्कि भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार को निर्देश जारी किए जाएं।

#### रिटायर जज से निगरानी कराने की भी मांग

याचिकाकर्ता ने यह भी कहा है कि किसी भी तरह की हिंसक स्थिति से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट किसी रिटायर जज या हाईकोर्ट के सिटिंग जज द्वारा इसकी निगरानी की जाए और देश विरोधी बयानबाजी को रोकने के बारे में भी पुलिस को नेताओं, आयोजकों और भाषण देने वालों के बयानों पर भी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वहां कोई भी देशविरोधी हरकत न हो सके। बीते 52 दिनों से प्रदर्शन जारी है।

### उड़ान के तहत उत्तराखंड की पहली हेलीकॉप्टर सेवा को झंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक के तहत देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक पहली बार हेलीकॉप्टर सेवाओं का प्रचालन किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव प्रदीप सिंह खारोला ने इस सेवा को झंडी दिखाई। उत्तराखंड क्षेत्र में हेलीकॉप्टर मार्गों की शुरुआत देश में पहाड़ी क्षेत्रों का हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लक्ष्य के अनुरूप है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान 2 बोली प्रक्रिया के तहत सहस्त्रधारा-गौचर-चिन्यालीसौड़ मार्ग हेरिटेज एविएशन को प्रदान किया। हेरिटेज एविएशन सहस्त्रधारा से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक प्रतिदिन दो बार हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रचालित करेगा। हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए, उड़ान के तहत आम लोगों के लिए किराए को किफायती बनाने के लिए व्यवहार्यता गैप फंडिंग (वीजीएफ) प्रदान की जाती है। उत्तराखंड राज्य सरकार योजना को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। सहस्त्रधारा हेलीपेड से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक की हेलीकॉप्टर सेवाएं पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों की दीर्घकालीन लंबित मांग रही है।




कॉमन वेस्ट प्लास्टिक रिसाइक्लिंग फैसिलिटी प्लांट का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

### बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए खुफिया तंत्र की लें मददः योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलमुक्त करने के लिए यहां के सीएम योगी आदित्यनाथ संकल्पबद्ध हैं। योगी ने आगामी 18 फरवरी से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए खुफिया तंत्र की मदद लेने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों, पुलिस प्रशासन और जिला विद्यालय निरीक्षकों को बोर्ड परीक्षाओं में नकल को रोकने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी ने स्थानीय अभिसूचना तंत्र के माध्यम से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की विशेष निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बाहर से आने वाली नकल सामग्री को रोकने के लिए संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों या थानाध्यक्षों के जरिए गश्त सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में बाधक तत्वों के विरुद्ध संज्ञेय अपराध के अन्तर्गत कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जिलों में नकलविहीन तथा शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए सम्बन्धित अधिकारियों, प्रभावशाली नागरिकों तथा अभिभावकों की बैठकें सुनिश्चित करें। उन्होंने नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र पर प्रशासनिक अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

### राहुल के डंडा वाले बयान पर नकवी बोले, सोनिया जी अपने पप्पूजी को राजनीतिक प्ले स्कूल भेजें

**इंदौर, एजेंसी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डंडा वाले विवादास्पद बयान पर नसीहत देके हुए कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपने 49 वर्षीय पुत्र को राजनीतिक प्ले स्कूल भेजना चाहिये ताकि वह शालीनता और भाषा के संस्कार सीख सकें। राहुल ने बुधवार को दिल्ली में एक चुनावी रैली के दौरान मोदी को आगाह किया था कि अगर उन्होंने देश में बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं किया, तो अगले 6 से आठ महीने में युवा उनकी डंडे से पिटाई करेंगे।



इस विवादास्पद बयान को लेकर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर नकवी ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस के नेता अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घूमते हैं और मौका मिलते ही इसे अपने ही पैर पर दे मारते हैं। मुझे कांग्रेस के लोगों, खासतौर से सोनिया गांधी को सलाह देनी है कि वह अपने पप्पूजी को किसी राजनीतिक प्लेस्कूल में भेजें ताकि वह सियासत की एबीसीडी, गरिमा, शालीनता और भाषा के संस्कार सीख सकें। उन्होंने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा, जनता के चुने प्रधानमंत्री को डंडा मारे जाने की बात सामान्य मानसिक संतुलन वाला कोई भी व्यक्ति नहीं कह सकता। दिल्ली विधानसभा चुनावों के एक्जिट पोलों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार में आसान वापसी के अनुमान पर नकवी ने कहा, हम एक्जिट पोलों के रुझानों पर भला क्या टिप्पणी करें? चुनावी नतीजे आने दीजिये। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ पिछले कई दिन से राष्ट्रीय राजधानी में जारी शाहीन बाग आंदोलन से दिल्ली के चुनावी परिदृश्य पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

### टाटा और हुडंई चलाएगी प्रायवेट ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में प्राइवेट ट्रेन चलाने का रास्ता बजट 2020 में साफ हो चुका है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा था कि 150 ट्रेनों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत चलाया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने देशभर के 100 मार्गा का चुनाव किया है, जिसमें मुंबई-दिल्ली तथा हावड़ा-दिल्ली जैसे व्यस्त मार्ग शामिल हैं। अब ट्रेनों में निवेश करने के लिए हुंडई और टाटा जैसी कई देशी और विदेशी प्राइवेट कंपनियों ने दिलचस्पी दिखा रही है।



खबरों के मुताबिक, प्राइवेट ट्रेनों के लिए दो दर्जन ज्यादा कंपनियों ने रुचि दिखाई। इनमें एलस्टॉम ट्रांसपोर्ट, बॉम्बार्डियर , सिमेंस एजी, हुंडई रोटेम कंपनी और मैक्वेरी सहित दो दर्जन से अधिक वैश्विक कंपनियों ने रुचि दिखाई है। वहीं घरेलू कंपनियों में टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, हिताची इंडिया और साउथ एशिया , एस्सेल ग्रुप, अदानी पोर्ट्स और एसईजेड, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 100 इंडियन रेलवे के रूट पर 150 प्राइवेट ट्रेन चलाने के लिए करीब 22500 करोड़ के निवेश की जरूरत होगी। योजना के मुताबिक,किसी रूट पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में प्राइवेट ट्रेन उतना ही समय लेगी, जितना उस रेलमार्ग पर सबसे तेज चलने वाली सरकारी ट्रेन लेती है। हालांकि, रेलवे ने प्राइवेट कंपनियों को थोड़ा राहत देने के लिए रेलवे उस रूट पर प्राइवेट ट्रेन के खुलने के लिए निर्धारित समय के 15 मिनट के भीतर कोई दूसरी रेग्युलर ट्रेन नहीं चलाएगा। प्राइवेट कंपनियां किराया और स्टॉपेज तय करने तथा भारतीय रेलवे के मानकों के मुताबिक किसी भी कंपनी से कोच और इंजन खरीदने के लिए स्वतंत्र होगी। कॉन्ट्रैक्ट मिलने के 5 साल के भीतर कंपनियों को सभी ट्रेनों का परिचालन शुरूकरना होगा।

### जामा मस्जिद के बाद अब गोल्डन टेंपल में भी टिकटॉक पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली स्थित जामा मस्जिद के बाद अब श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे में भी टिकटॉक पर बैन लगा दिया गया है। इसको लेकर सिरोमनी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने स्वर्ण मंदिर (श्री हरमंदर साहिब) के बाहर एक नोटिस चिपका दिया है। नोटिस में लिखा गया है, 'यहां पर टिक टॉक प्रतिबंधित है'। स्वर्ण मंदिर प्रबंधन ने गुरुद्वारा परिसर में कुछ टिकटॉक वीडियो बनने के बाद इस पर फैसला लिया है। गुरुद्वारे के मैनेजर जसविंदर सिंह ने कहा कि यह अरदास की जगह है। हम श्रद्धालुओं से अपील करते हैं कि गुरुद्वारे परिसर में ऐसे काम से परहेज करें। इससे पहले मस्जिद परिसर में भी टिक-टॉक वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### संत रविदास के सपने को मूर्त रूप देना अभी बाकी हैः प्रियंका

**लखनऊ एजेंसी। कांग्रेस महासचिव एवं उप्र प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि संत रविदास ने जो सपना देखा था, उसे हमारे संविधान में शामिल किया गया है, मगर इसे पूरी तरह लागू किया जाना अभी बाकी है।**



प्रियंका ने रविदास जयंती पर रविवार को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने एक ऐसे समाज के निर्माण का सपना देखा था जहां कोई भेदभाव या ऊंच-नीच की भावना नहीं होती। जहां हर व्यक्ति का सम्मान होता है और जहां सबकी रक्षा हो। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने भी यही कोशिश की और आज भी इस देश में यही लागू होना चाहिए। आप सबको संत रविदास की शिक्षा को जन-जन तक ले जाने की जरूरत है। खासतौर पर इस दौर में जब समाज के अंदर इतनी हिंसा और नफरत है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इंसान को जात पात और धर्म में बांटकर नहीं देखना चाहिए बल्कि सिर्फ एक इंसान के रूप में इंसान के अंदर भगवान देखना चाहिए। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज इस सोच के अगुवा थे और यही सोच भारत देश की आत्मा और हमारी नींव है। इसके पूर्व प्रियंका ने सन्त शिरोमणि रविदास जयंती पर उनके जन्म स्थली सीर गोवर्धनपुर पहुंचकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि साहिबे कमाल सदगुरु श्री रविदास जी महराज की जयंती पर उनके जन्म स्थान मंदिर की चैखट पर मुझे मत्था टेकने का मौका मिला। यह मेरा सौभाग्य है।

### पाक के सीज फायर उल्लंघन का भारतीय सेना ने दिया करार जवाब, 6 से अधिक चौकियां नष्ट

**श्रीनगर।** सीमा पार से पाकिस्तानी सेना लगातार युद्ध विराम का उल्लंघन कर रही है भारतीय सेना पाक सेना को इसका करारा जवाब दिया है। इस कार्रवाई में पाक के कम से कम चार सैनिक मारे गए हैं। आपको बताते जाए कि पाकिस्तानी सेना लगातार बीते 24 घंटे से जम्मू-कश्मीर के पुंछ और बालाकोट सेक्टर में सीमा पर गोलाबारी कर रही है। भारतीय सेना ने इसका जवाब देते हुए पाकिस्तान की आधा दर्जन से अधिक चौकियों को तबाह कर दिया है। कार्रवाई में कम से कम पाकिस्तान के चार सैनिक भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी चौकियों से उठता धुएं का गुबार पुंछ शहर तक देखा गया। इस बीच शनिवार को पाकिस्तानी गोलाबारी में एक जवान शहीद हो गया, जबकि तीन अन्य जवान घायल हुए थे। सैन्य प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद जवान नायक राजीव सिंह शेखावत है, वह राजस्थान का रहने वाला है। जबकि सिपाही सोयम सिंह व आजाद सिंह घायल हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शुभ घड़ी आईएसबीटी:मेट्रो स्टेशन के पास बनेगा बस स्टैंड, काम शुरू

**इंदौर( अर्पित गुप्ता)** आठ साल की जद्दोजहद के बाद अब जाकर आईएसबीटी की सारी बाधाएं दूर हुई हैं। एमआर-10 पर कुमेड़ी में 81 करोड़ की लागत से 25 एकड़ में बस स्टैंड का काम शुरू हो गया है। आईडीए इसे 16 महीने में बनाने की कोशिश करेगा। प्रोजेक्ट इंचार्ज रमण महाजन के मुताबिक आईएसबीटी की बिल्डिंग में एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। 1500 बसों के लिए अलग-अलग व्यवस्था होगी। पास में ही मेट्रो स्टेशन से सीधी कनेक्टिविटी होगी, ताकि लोग सीधे मेट्रो ट्रेन से उतरकर बस ले सकें। बिल्डिंग में 35 दुकानें, 5 रेस्त्रां रहेंगे व 80 हजार यात्रियों के आवागमन को देखते हुए पुख्ता इंतजाम होंगे।

**यात्रियों को मिलेगी लॉन्ग टर्म पार्किंग की व्यवस्था**-आईएसबीटी में ग्राउंड, फर्स्ट और बेसमेंट फ्लोर होंगे। बेसमेंट में 315 कारों की पार्किंग की जाएगी। साथ ही 315 कार टैक्सी व ऑटो के लिए और 650 टू-व्हीलर पार्किंग होगी। लॉन्ग टर्म पार्किंग की व्यवस्था भी होगी ताकि लोग कुछ दिनों तक गाड़ियां पार्क कर सफर पर जा सकें। पूरा परिसर ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर होगा और एयर कूल्ड होगा, जिसमें 26 डिग्री का तापमान मेंटेन किया जाएगा।

एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं, टिकट काउंटर 280 लोगों के लिए, एक बूथ पर 20 सीट इनक्वायरी और इनफार्मेशन काउंटर अलग होंगे।वेटिंग हॉल, मेडिकल इमरजेंसी, पुलिस कंट्रोल रूम होगा।क्लॉक रूम और स्टोर। पब्लिक टॉयलेट और पीने का पानी।वीआईपी लाउंज। महिलाओं का अलग लाउंज होगा।

**सुलझा विवाद... डिजाइन बदलते ही किसान खुश, अब 26त्न जमीन मिलेगी**- आईडीए के सीईओ विवेक श्रोत्रिय ने बताया 22 किसानों की जमीनें आ रही थीं। उनके सात ग्रुप तैयार कर दिए हैं। चार ग्रुप की रजिस्ट्रियां भी हो गई हैं और बाकी प्रोसेस में है। साइट पर काम भी शुरू हो गया है। टारगेट 21 महीने का है लेकिन हमारी कोशिश है कि इसे 16 महीने में ही तैयार कर दिया जाए। आईएसबीटी स्कीम 139 और 169 ए की जमीन पर बन रहा है। आईडीए के रिजोल्यूशन के अनुसार मेन रोड से लगे प्लॉट के बदले किसानों को 20 प्रतिशत जमीन दी जाती है जबकि पीछे के हिस्से में 26 प्रतिशत जमीन। पहले की डिजाइन में किसानों को सड़क सामने होने से 20 प्रतिशत जमीन ही मिल रही थी। डिजाइन बदलते ही आईएसबीटी मेन रोड पर आ गया और जमीनें पिछले हिस्से में चली गईं। अब 26 प्रतिशत जमीन मिलने से किसान संतुष्ट हैं।

### भिंड में तेज रफ्तार वाहनों पर नहीं लग रहा अंकुश जिससे हर रोज हो रही हैं दुर्घटनाएं।



प्रदीप राजावत ब्यूरो

दरअसल मामला भिंड जिले के भिंड गोपालपुरा स्टेट हाईवे का है जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया जिससे बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकाल कर पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल भिजवाया गया, मामला भिंड जिले की ऊमरी थाना अंतर्गत लटूरी सिंह का पुरा ढोंचरा का है, ट्रक की इतनी रफ्तार थी,कि बाइक सवार को टक्कर मारते हुए सीधे घर में जा घुसा, गनीमत यह रही कि घर के आगे एक पेड़ खड़ा था जिससे ट्रक टकरा गया ट्रक एवं बाइक दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, ट्रक ड्राइवर एवं क्लीनर को भी हल्की चोटें आई हैं यदि घर के बाहर पेड़ न खड़ा होता तो कई लोगों की जान जा सकती थी, मौके पर ऊमरी पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### वर्ष 2016 के पूर्व शस्त्र लायसेंसो पर यू.आई.एन. नम्बर अंकित करावें

**मुरैना ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय के आदेशानुसार सभी शस्त्र लायसेंस धारकों को शस्त्र लायसेंस पर यू.आई.एन. नम्बर जनरेट 10 मार्च के पूर्व कराना है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी ने कहा है कि जिले के समस्त लायसेंस धारियों को सूचित किया जाता है, जिनके शस्त्र लायसेंस 1 अप्रैल 2016 से पूर्व जारी है तथा जिनके लायसेंस पर यू.आई.एन. नम्बर अंकित नहीं है।

# कोचिंग संचालकों की शहर कोतवाली में बैठक आयोजित

**प्रत्येक कोचिंग पर पुलिस कंट्रोल रूम में का नम्बर अंकित हो तथा मजनूओं के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा: उदयभान सिंह यादव**

**भिण्ड।** नवागत नगर निरीक्षक एवं शहर कोतवाली प्रभारी ने आज शहर कोतवाली में शहर के सभी कोचिंग संचालकों की एक बैठक आयोजित की जिसमें सख्त निर्देश दिये गये कि छेड़खानी की बढ़ती घटनाऐं किसी भी कीमत पर बरर्दाश्त नहीं की जायेगी, कोंचिंग संचालकों से भी पुलिस ने कहा कि आप लोगों का सहयोक अति आवश्यक है।



जानकारी के अनुसार नवागत नगर निरीक्षक आनंद राय एवं शहर कोतवाली थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव के नेतृत्व में शहर के समस्त कोचिंग संचालकों की बैठक कोतवाली परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सभी कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया गया कि आपके कोचिंगों पर पढ़ने वाले सभी छात्र/छात्राओं के पास आईडी प्रूप होना चाहिए, बिना आईडी के कोई छात्र आपके कोचिंग के अंदर मिला तो आप लोगों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी तथा जिन कोचिंगों के बाहर आवारा किस्म के लोग या फिर मजनू मिलें तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, छेड़खानी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आप सभी का सहयोग भी पुलिस को चाहिए। जल्द हाऊसिंग कॉलोनी अटेर रोड, नवादा बाग, पुराने रेल्वे स्टेशन, महावीर गंज, वाटरवर्क्स, लहार रोड़, बस स्टैण्ड आदि क्षेत्रों में संचालित कोचिंगों पर पुलिस का पहरा देखा जायेगा, सिविल ड्रेस में पुलिस मजनूओं को पकड़कर हवालात पहुँचाईगी। आप लोग अपने-अपने कोचिंग सेन्टरों के बाहर पुलिस कन्ट्रोल रूम का नम्बर एवं निर्भया टीम प्रभारी का नम्बर अंकित करवायें ताकि छात्राओं को किसी भी प्रकार की पुलिस मदद लेनी हो तो उसके लिए भटकना न पढें। आप लोगों को यदि लगता है कि आपके कोचिंग सेन्टर के बाहर आसामाजिक तत्व खड़े होते हैं तो तत्काल पुलिस को सूचित करें आप सभी के नाम गुप्त रखें जायेंगें।

### अज्ञात ने किया मोबाइल चोरी

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत 5 फरवरी को शाम 8 बजे गली न.7 लहार रोड के एटीएम के पास एक युवक मोबाइल से बात कर रहा था बात खत्म होते मोबाइल को जेब मे रखने लगा तभी मोबाइल नीचे गिर पडा तो एक युवक उसे चुरा ले गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी युवक विशाल गौतम पुत्र संघ प्रिय गौतम उम्र 21 वर्ष निवासी वायपास रोड दर्पण कॉलौनी भिण्ड ने इस घटना के बारे नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज में बताया कि मैं गली न.7 लहार रोड के पास स्थित एटीएम के अपने मोबाइल से बात कर रहा था बात खत्म होते ही मैने अपना ओप्पो कम्पनी का दस हजार रूपये कीमत मोबाइल जेब में रख रहा था लेकिन वह नीचे गिर गया तो वहां स्थित संदेही व्यक्ति उसे चुरा ले गया। दर्ज रिपोर्ट पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोबाइल चोरी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर तलाशी जारी की।

## भिंड नगरपालिका अध्यक्ष कलावती मिहोलिया का अकस्मात निधन



प्रदीप राजावत ब्यूरो

भिंड जिले एवं भाजपा को एक आघात पहुंचा है ,भिंड नगरपालिका अध्यक्ष कलावती वीरेंद्र में मिहोलिया का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, कलावती ने पिछले 3 तारीख को दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया जिससे परिवार में खुशियों का माहौल था लेकिन यह खुशी गम में बदलते देर नहीं लगी अचानक ही उनकी हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया, जिससे भिंड जिले में शोक की लहर दौड़ गई, कलावती वीरेंद्र मिहोलिया ने 2015 में भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ा था जिसमें वह विजयी हुई थी ,कलावती के पति वीरेंद्र मिहोलिया पेशे से पटवारी हैं, आज कलावती के अंतिम संस्कार मैं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रोमांचक मुकाबले में भिंड ने अटेर एवं लहार ने मेहगांव को हराया

**लहार(अर्पित गुप्ता)।** सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ गोविन्द सिंह के पिता स्वा मथुरा सिंह की स्मृति में इंदिरागांधी स्टेडियम लहार में 20- 20 क्रिकेट टूनामेंट के आज दूसरे दिन के पहले मैच का शुभारंभ नरेश सिंह चौहान (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष) एबम शैलेन्द्र सिंह कुशवाह (अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी) ने खिलाड़ियों से परिचय शुरू किया आज का पहला मैच भिंड एबम अटेर के बीच खेला गया । इस मौके पर नरेश सिंह चौहान (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष) एबम शैलेन्द्र सिंह कुशवाह (अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी) द्वारा स्व.मथुरा सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया इस मौके पर मुशर्रफ़ खान, प्रशांत उर्फ पिंटू त्रिपाठी, रिंकी अग्रवाल, सन्तोष गुर्जर,जानकी समाधिया, आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे वही दूसरा मैच मेहगांव एबम लहार के बीच खेला गया जिसमें मुख्यातिथि नरेश सिंह चौहान (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष) एबम थाना प्रभारी लहार दिलीप सिंह यादव रहे उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई इस मौके पर उनके साथ सन्तोष गुर्जर, रिंकी अग्रवाल, शिवप्रताप सिंह,मुसर्रत खान,सलीम खान,जितेंद सिंह,पवन आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।





**अंपायरों के निर्णय से दर्शक प्रभावित**-चम्बल डिविजन के सफल एम्पायर रवि कटारे सर, शिव प्रताप सिंह भदौरिया एबम अरविंद यादव के निर्णय से मैच के दर्शक काफी प्रभावित है अपनी सफल एम्पायरिंग के चलते दर्शकों को लुभा कर रखा है उनके साथ चम्बल डिवीजन के स्कोरर विकाश सिंह एबम गोपाल सिंह भदौरिया सफल स्कोर लेखन के लिए लहार में अपना लोहा मनबा चुके है और वही कॉमिन्ट्रेटर ,रामशंकर पाण्डेय (दद्दू) जीतेन्द्र कुशवाहा (जीतू भैया ), दीपक सिंह, ने अपनी सफल कॉमिन्ट्री से सबका मन मोह लिया है ।

**तीसरे दिन का पहला मैच**-तीसरे दिन का पहला मैच भिंड एबम अटेर टीम के बीच खेला गया। शैलेन्द्र सिंह कुशवाह (अध्यक्ष मार्केटिंग सोसायटी) ने भिंड के कप्तान आकाश एबं अटेर के कप्तान विकाश के बीच टॉस कराया। जिसमे भिंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया ।भिंड की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पूरे विकेट खोकर अपने 20 ओवरों में 190 रन बनाए ओर अटेर टीम को जीत के लिए 191 रन का लक्ष्य रखा वही अटेर टीम ने अपनी पारी की धीमी शुरुआत करते हुए 16.1 ओवर में पूरे विकेट खोकर 113 रन बना पाई और वही भिंड की तरफ से बेहतर प्रदर्शन करते हुए कप्तान नीरज भदोरिया ने अपनी टीम के लिए 60 रन बनाए ओर 1 विकेट झटका ओर मैन ऑफ दी मैच रहे जिन्हें शैलेन्द्र सिंह कुशवाह (मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष) जी एबम नरेश सिंह चौहान (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष) द्वारा मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई ।

**तीसरे दिन का दूसरा मैच**-तीसरे दिन का दूसरा मैच मेहगांव एबम लहार के बीच खेला गया जिसमें मेहगांव टीम के कप्तान रोहित सिंह एबम लहार टीम के कप्तान आदिल खान के बीच इस मैच के मुख्यातिथि नरेश चौहान जी (पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष लहार) ने टॉस करबाया जिसमे लहार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने अपनी धुंआधार बल्लेबाजी के चलते 20 ओवर में अपने 8 विकेट खोकर 255 रन बनाए ओर मेहगांव टीम को जीत के लिए 256 रन का लक्ष्य दिया । जिसमें धुव्र ने सबसे तेज अर्द्धशतक लगाते हुए 18 गेंदों में 61 रन बनाए एवं दिलीप ने 28 गेंदों में 62 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए मेहगांव की टीम अपनी लड़खड़ाती बल्लेबाजी के चलते 12 ओवर 2 गेंद में अपने टीम के पूरे विकेट खोकर महज 79 रन ही बना पाई ,और मेहगांव को 176 रनो से मात दी, लहार टीम की तरफ से शानदार खेल का प्रदर्शन कर धुव्र ने (61 रन 18 गेंद) मैन ऑफ दी मैच हासिल किया मैच अतिथि कप्तान सिंह जी (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) ने ध्रुव को मैन ऑफ दी मैच देकर सम्मानित किया ।

## शराबबन्दी को आंदोलन बनाने की जरूरत: संजीव नायक



**आलमपुर( अर्पित गुप्ता)।** लहार विधानसभा के आलमपुर नगर के बार्ड चौदह ग्राम रजरापुरा में शराबबन्दी ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में बोलते हुए युवा वाहिनी प्रमुख संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि शराबबन्दी को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है,शराब के नाम पर हम तेज़ाब पी रहे है जिसका उपयोग करने से शरीर की महत्वपूर्ण अंग खराब हो जाते है,संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि राजनैतिक नेताओ को अपने समर्थकों से तथा आध्यात्मिक संतो को अपने अनुयायियों से शराब छोड़ने के लिए कहना चाहिए,चौपाल को संबोधित करते हुए चैनू बुंदेला ने कहा कि हम सबको मिलकर राजरपुरा को शराबमुक्त बनाना है,चौपाल में नगर परिषद आलमपुर के उपाध्यक्ष लालचन्द्र कुशवाह ने भी संबोधित किया। ग्राम चौपाल में बीस सदस्यीय ग्राम सुधार समिति का गठन किया गया जिसमें अजमेर सिंह, चेनू दाऊ,राजू कुशवाह, चंद्रशेखर पाल, मोहित बघेल, लालचंद्र कुशवाह, दामोदर कुशवाह, लक्ष्मन कुशवाह, भैयालाल कुशवाह, बलते कुशवाह, अगर सिंह, जितेंद्र कुशवाह,रविन्द्र कुशवाह,सोनू कुशवाह,अखिलेश कुशवाह,अरविंद कुशवाह,मानवेन्द्र कुशवाह,भूपसिंह कुशवाह,कालीचरण,राजू,राधावल्लभ आदि शामिल हुए।चौपाल में रामनरेश मिश्रा (नन्ना) मृदुल मिश्रा नीलेश दीक्षित विवेक नायक देवेश मथुरिया सहित ग्राम राजरपुरा के ग्रामीण मौजूद थे।

### नगरपालिका अध्यक्षा की हृदयगति रूकने से हुई मौत, स्थानीय मुक्तिधाम मे हुई अन्त्योष्टि

**भिण्ड।** शहर के प्रमुख पटवारी वीरेंद्र मिहोलिया की पत्नी नगर पालिका भिंड की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती कलावती मिहोलिया का शनिवार को हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया, उनकी अन्त्येष्टि स्थानीय भवानी पूरा मुक्तिधाम मे हुई जिसमे नगर के प्रतिष्ठित लोगो के अलावा नपा उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा, पार्षद गण शामिल रहे। श्रीमती मिहोलिया एक बर्ष से पुत्र निधन के बाद से तनाव से गुजर रही थी लेकिन गत 3 फरवरी को जुड़वा पुत्रो के जन्म से उन्हे खुशी मिली थी। उन्होंने राजनीति मे नगर पालिका अध्यक्ष के रूप मे शुरुआत कर अ%छी पहिचान बनाई थी उनके म्रदुव्यवहार अ%छी कार्यपद्धति के कारण नगर पालिका पार्षद व कर्मचारियो मे असंतोष की कभी स्थिति निर्मित नही हुई उनके निधन की खवर से नगरपालिका कर्मचारी व पार्षदगण चतुर्वेदी नगर स्थित निवास पर पहुचे जहा से शवयात्रा भवानी पूरा मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई, शव यात्रा मे प्रमुख गणमान्य नागरिकों मे नपा पूर्व उपधायक्ष अजीत भदौरिया, मुकेश जैन जैन महा सभा अध्यक्ष, मुकेश गर्ग मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुरेन्द्र शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुये।

## शिवरात्रि के चलते ट्रैफिक पुलिस ने सभी चौराहों पर लगाया चैकिंग पॉइन्ट, वसूला 7750 का शमन शुल्क

**भिण्ड।** यातायात प्रभारी के नेतृत्व में शहर के भीड़भीड़ चौराहों पर आज दिनभर चैकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान करीबन 16 वाहन चालकों से 7750 रूप्ये का शुल्क बसूला गया।

ट्रैफिक प्रभारी आदित्य मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चौराहे पर शाम तीन बजे से पाँच बजे तक चैकिंग अभियान चलाया जिसमें यातायात नियमों को तोड़नें वाले करीबन 16 वाहन चालकों से 7750 रूपये का शमन शुल्क बसूला। एवं सख्य हितदायत दी गई भविष्य में यदि यातायात नियमों को तोड़ा तो आपके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। आगे बताया कि महाशिवरात्रि को देखते हुए रोजाना इस प्रकार के अभियान शहर में चलाया जायेगा, व्यस्तम मार्गों को चिन्हित कर उन स्थानों पर फोरवीलर वाहनों को प्रतिबंधित किया जायेगा।



### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रभात झा

भिंड ब्यूरो प्रदीप राजावत



**भिण्ड।** भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रभात पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेन्द्र प्रकाश सिंह के ग्राम मौ एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामविलास शर्मा के ग्राम सिमार पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुये उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, विधायक भारत सिंह कुशवाह, संभागीय संगठन मंत्री केशवसिंह भदौरिया भाजपा जिलाध्यक्ष नाथूसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक मुकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव कांकर, वरिष्ठ नेता के.पी. सिंह भदौरिया, उदय अग्रवाल, देवेन्द्र नरवरिया, बन्टी राणा एवं अशोक भारद्वाज सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राशि जमा कराने के लिए दस दिन की बढ़ाई जा चुकी है मोहलत

**भोपाल।** रेत खदानों का ठेका हासिल करने के बाद चार जिलों के ठेकेदारों द्वारा अंतिम तिथी निकल जाने के बाद भी अमानत राशि जमा नहीं कराए जाने से ठेका निरस्त करने के आसार बन गए हैं। इन जिलों में होशंगाबाद पैसा प्रमुख रेत खदानों वाला जिला भी शामिल है। खास बात यह है कि अमानत राशि जमा कराने के लिए सरकार द्वारा इन जिलों के ठेकेदारों को दो मौके दिए जा चुके हैं। शनिवार रात 12 बजे अमानत राशि जमा करने की समय सीमा समाप्त हो गई। नई रेत नीति में दूसरी बार अमानत राशि जमा नहीं किए जाने पर ठेका स्वतः निरस्त किए जाने का प्रावधान है। इन जिलों के रेत ठेके निरस्त किए जाने को लेकर खनिज विभाग पुनर्विचार करेगा। होशंगाबाद जिले की रेत खदानें सबसे ज्यादा 217 करोड़ में नीलाम हुई थीं। इसके अलावा रायसेन, मंडला एवं अशोकनगर जिले के ठेकेदारों ने अमानत राशि जमा नहीं की है। गत दिसंबर में 43 जिलों में से 36 जिलों की रेत खदानों की राज्य सरकार को 1234 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। उस समय पन्ना जिले को होल्ड पर रख दिया था और छह जिलों की खदानों के लिए रि-टेंडर किए जाने थे। बाद में दो जिलों को छोड़कर सभी 41 जिलों की रेत दानें नीलाम हो गईं। इससे सरकार को 1330 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है। सफल निविदाकारों को गत 15 जनवरी को आशय पत्र प्रदान किए गए थे। उन्हें 29 जनवरी तक अमानत राशि जमा करने का समय दिया गया था। जिन ठेकेदारों ने अमानत राशि जमा नहीं की, उन्हें 8 फरवरी तक राशि जमा करने का समय दिया गया था। होशंगाबाद, रायसेन, मंडला एवं अशोकनगर जिले के ठेकेदारों ने अब तक अमानत राशि जमा नहीं की है।

### 33 जिलों ने 446 करोड़ जमा कराए

अब तक 33 जिलों में निविदा राशि के 50 प्रतिशत के मान से 446 करोड़ रुपए मप्र राज्य खनिज निगम के खाते में जमा किए जा चुके हैं। इनमें से 31 जिलों में आशय पत्र जारी किए जा चुके हैं। छिंदवाड़ा, सिंगरौली और सीधी के निविदाकारों को न्यायिक एवं तकनीकी कारणों से सूचना पत्र जारी नहीं किए गए हैं। बैतूल, देवास, हरदा, भिंड, बालाघाट, कटनी, पन्ना एवं जबलपुर जिलों की कुल 97 खदानों के माइनिंग प्लान ठेकेदारों के पक्ष में स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 82 खदानें राज्य शासन द्वारा ठेकेदारों के पक्ष में अंतरित की जा चुकी हैं। ठेकेदारों द्वारा इन खदानों की पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### रेत खदान नीलामी, उज्जैन-आगर मालवा ने नहीं दिखाई रुचि

राज्य खनिज निगम द्वारा रेत नियम 2019 के अंतर्गत राज्य में रेत खदानों के निवर्तन के लिये 43 रेत धारित जिलों से जिलेवार ई-निविदाएं आमंत्रित की गईं। निविदा प्रक्रिया में प्रदेश के 43 में से 41 जिलों के लिए निविदाएं प्राप्त हुईं। उज्जैन और आगर-मालवा जिले में कोई भी निविदा प्राप्त नही हुई। निविदा प्रक्रिया में 41 जिलों की वित्तीय निविदाएं खोली गई। जिसमें 1330 करोड़ रूपये के ऑफर मूल्य प्राप्त हुए। 33 जिलों में निविदा राशि के 50 प्रतिशत के मान से 446 करोड़ 13 लाख रूपये निगम के खाते में जमा किए जा चुके हैं। इनमें से 31 जिलों में आशय-पत्र जारी किये जा चुके हैं। शाजापुर जिले के उच्चतम निविदाकार को राशि जमा करने के लिये सूचना पत्र जारी किया गया है।

### कर्मचारियों की पदोन्नति पर लगा प्रतिबंध हटेगा

**भोपाल (ईएमएसए)।** प्रदेश में करीब पौने चार साल से कर्मचारियों की पदोन्नति पर प्रतिबंध लगा होने से वे परेशान हैं। कर्मचारियों की पदोन्नति में आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अब कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, इसलिए राज्य सरकार पदोन्नति के विकल्प तलाश रही है। इनमें से एक विकल्प कर्मचारियों को क्रमोन्नति देकर वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी देना भी हो सकता है। मंत्रालय में शनिवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ. गोविंद सिंह को इस सुझाव का परीक्षण कर एक हते में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। बैठक में कर्मचारियों को सशर्त पदोन्नति देने की बात भी उठी। प्रदेश में 31 मार्च से कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति शुरूहो जाएगी, जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने बैठक बुलाई थी। इसमें सामान्य प्रशासन, वित्त एवं विधि विभाग के अधिकारियों सहित महाधिवक्ता शशांक शेखर भी मौजूद थे। सीएम नाथ ने सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई के लिए पहल और मामले की मजबूती से पैरवी करने को कहा है। बैठक में मंत्री डॉ. सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से सशर्त पदोन्नति करने की इजाजत नहीं मिलने और पदोन्नति में आरक्षण मामले का फैसला नहीं आने तक कर्मचारियों को क्रमोन्नति देकर बड़े पदों की जिम्मेदारी सौंपने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जैसे आईएएस, आईपीएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को क्रमोन्नति देकर बड़े पदों की जिमेदारी सौंपी जाती है, वैसे ही अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अंतरिम व्यवस्था होने तक बड़े पदों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस पर मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग के अफसरों से पूछा और फिर एक हफ्ते में इसका परीक्षण करने को कहा कि सरकार ऐसा कर सकती है या नहीं।

### यह है मामला

अप्रैल, 2016 में मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण पर रोक लगाने आदेश दिया था। इसके विरोध में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। सुप्रीम कोर्ट में मामले की डबल बेंच सुनवाई कर रही थी। इसमें एम नागराज बनाम भारत संघ प्रकरण को आधार बनाकर सुनवाई की जा रही थी। इस बीच एम नागराज प्रकरण को चुनौती दी गई। जिससे डबल बेंच ने इस मामले को पांच सदस्यीय खंडपीठ में भेज दिया। जिस पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने पिछले साल 26 सितंबर के निर्णय में कहा कि पदोन्नति में आरक्षण दिया जाना संवैधानिक बाध्यता नहीं है। राज्य चाहे तो आरक्षण दे सकता है। पीठ के इस फैसले के बाद एक बार फिर से मामला सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच में चला गया। जिसमें मप्र हाईकोर्ट के दिए निर्णय को लेकर सुनवाई की जा रही है। पौने चार साल में हजारों सरकारी कर्मचारी बिना पदोन्नति का लाभ लिए सेवानिवृत्ति हो चुके हैं।

# शिक्षक सचिन हत्याकांड का खुलासा, तीन अभियुक्त अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार

एटा - थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली सफलता, करीब दो माह पूर्व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में शिक्षक सचिन हत्याकांड का खुलासा, तीन अभियुक्त अवैध असलहा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं- 569/19 धारा 302 भादंवि की घटना का खुलासा कर घटना में फरार चल रहे तीन आरोपियों को अवैध असलहा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

श्री धैर्य प्रताप सिंह पुत्र श्री ओमकार सिंह निवासी अशोक विहार, गंजडुण्डवारा रोड थाना कोतवाली नगर एटा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर इस आशय की सूचना दी गयी कि दिनांक 05.12.2019 को ही वादी के बहनोई श्री सचिन कुमार पुत्र श्री पृथ्वीराज सिंह सोलंकी निवासी शान्ती नगर, थाना कोतवाली नगर एटा की स्कूल जाते समय किन्हीं अज्ञात लोगों ने कासगंज रोड, पीएसी के पास गोली मारकर हत्या कर दी है। इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर *मुअसं- 569/19 धारा 302 भादंवि बनाम अज्ञात* पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुये घटना के शीघ्र अनावरण तथा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी



हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात को निर्देशित किया गया। दिनांक 08.02.2020 को थाना कोतवाली देहात पुलिस तथा जनपदीय स्वॉट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना की विवेचना से प्रकाश में आये दो आरोपियों धर्मेन्द्र तथा बॉबी को पवांस नहर के पास से समय करीब 11.15 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की जामातलाशी तथा मौके से एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक चोरी की मोटर साईकिल बरामद की गयी है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि रुपयों के लालच में दिनांक 05.12.2019 को उन्होंने सचिन की गोली मारकर हत्या की थी। मृतक के साले सूर्यप्रताप ने अपने बहनोई सचिन की हत्या करने के लिये उन्हें 2.50 लाख रुपये की सुपारी दी थी। जिसमें से सूर्यप्रताप ने 1.25 लाख रुपये उन्हें दिनांक 30.11.2019 को दिये थे, तथा शेष रकम आज देने का वायदा था। अभियुक्तों की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा व एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया है। विवेचना से अभियुक्त सूर्यप्रताप का नाम प्रकाश में आने पर दिनांक 09.02.2020 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सूर्यप्रताप को अमापुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके बहनोई सचिन का चालचलन ठीक नहीं था, इसी से छुब्द होकर उसने सचिन की हत्या की योजना बनाकर धर्मेन्द्र तथा बॉबी को सचिन की हत्या करने के लिये 2.50 लाख रुपये की सुपारी दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# माचना कालोनी के रहवासियों को मिली ओपन जिम एवं हाईमास्ट लाईट की सौगात

## जनसंपर्क मंत्री पी.सी. शर्मा ने किया लोकार्पण

**भोपाल, एजेंसी।** जनसंपर्क मंत्री पी.सी. शर्मा ने वार्ड क्रमांक 46 के अंतर्गत माचना कालोनी शिवाजी नगर में ओपन जिम एवं हाईमास्ट लाईट का लोकार्पण फीता काटकर एवं स्विच ऑन कर किया। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत माचना कालोनी में ओपन जिम एवं हाईमास्ट लाईट की सौगात उपलब्ध कराई गई है। लोकार्पण अवसर पर स्थानीय पार्षद योगेन्द्र सिंह चौहान ÷गुड्डू÷ पार्षद द्वय अमित शर्मा व प्रदीप मोनू सक्सेना, पूर्व पार्षद प्रवीण सक्सेना आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



माचना कालोनी में ओपन जिम एवं हाईमास्ट लाईट के लोकार्पण अवसर पर जनसंपर्क मंत्री पी.सी. शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया कमलनाथ प्रदेश के विकास के साथ रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास कर रहे हैं और निश्चित ही आने वाले समय में प्रदेश की दशा व दिशा बदलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं एवं बच्चों के भविष्य की चिंता भी कर रही है एवं शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र कर्मचारी बाहुल क्षेत्र है और हम कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर हैं। श्री शर्मा ने उपस्थित कर्मचारी एवं उनके परिजनों का आव्हान किया कि वे अपनी समस्याओं से अवगत करायें, कर्मचारियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जायेगा। श्री शर्मा ने स्थानीय स्तर पर कराये गये जनसुविधा एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए स्थानीय पार्षद सराहना की और ओपन जिम एवं हाईमास्ट लाईट की सुविधा मिलने पर नागरिकों को बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद योगेन्द्र सिंह चौहान ÷गुड्डू÷ ने नागरिकों के स्वास्थ्य एवं सुविधा के दृष्टिगत कराये गये कार्यों के संबंध में जानकारी दी और जनसंपर्क मंत्री पी.सी. शर्मा द्वारा जनसुविधा एवं विकास कार्यों हेतु दिये जा रहे सहयोग हेतु धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस मौके पर पार्षद अमित शर्मा और प्रदीप मोनू सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्तकिये।

### सतना जिले में नर्मदा का पानी प्राथमिकता से लाया जायेगा

**भोपाल।** नर्मदा घाटी विकास एवं पर्यटन मंत्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने कहा है कि सतना जिले में नर्मदा का पानी प्राथमिकता से लाया जायेगा। नर्मदा का पानी आने से जिले के किसानों को सिंचाई की सुविधा और नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध होगा। मंत्री श्री बघेल आज सतना जिले के नागौद में स्व. कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति फुटबाल टुर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि सतना जिले में नर्मदा का पानी लाने के लिये 15 वर्ष पहले कार्ययोजना तैयार की गई थी। उन्होंने बताया कि हाल ही में रीवा में विभागीय अधिकारियों की बैठक में बरगी परियोजना से जुड़ी तमाम अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम को विधायक राजेश कुमार शुक्ला, पूर्व मंत्री अजय सिंह और पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया।

### उसकी आश



आसमां से चाँद उठाकर जमी पर रखा है।
आशाओं का एक बांध बनाकर रखा है।।
उसका आना मेरे जीवन में नामुमकिन है।
हमने ना जाने क्यों हाथ बढ़ाकर रखा है।।
उसने मुझको कभी भी पलट कर ना देखा।
हमने ना जाने क्यों उसका अरमान बनाकर रखा है।।
ना जाने अब भी कौन सी आश बाकी है।
इंतजार मे दरवाजो पर आँख लगाये रखा है।।
उम्मीदों के सारे दरख़्त जमीनोंदोज हुए है।
फिर भी एक छोटा सा पौधा बचाकर रखा है।।
उसके जीवन मे आने की आश अब भी बाकी है।
दिल मे उम्मीदों का आखिरी दिया जलाकर रखा है।।

**नीरज त्यागी**
**ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश )**

## प्रदेश की हवा हो रही जहरीली, केंद्र को लिखा पत्र

**भोपाल।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने प्रदेश की जहरीली होती हवा को बचाने के लिए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर को एक पत्र लिखा है। पत्र में आईएमए ने प्रदेश के ज्यादा प्रदूषित शहरों को 'राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम' (एनसीएपी) में शामिल करने की मांग की है। साथ ही प्रदूषण की निगरानी के लिए केंद्र बढ़ाने की मांग भी की है।

आईएमए ने कहा है कि वायु प्रदूषण असमय मौत की पांचवीं सबसे बड़ी वजह है। हार्ट फेलियर की तरह फेफड़े फेल हो रहे हैं। ज्यादा प्रदूषण में रहने वालों के फेफड़े 60 साल में ही खराब हो रहे हैं। आईएमए ने वायु प्रदूषण की खराब स्थिति बताने के लिए पर्यावरण के लिए काम करने वाले संगठन ग्रीनपीस इंडिया की रिपोर्ट को आधार बनाया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में 2018 में पीएम-10 (हवा में धूल के बड़े कण) का औसत स्तर 119 से 135 माइक्रोग्राम/प्रति घन मीटर रहा है। मापदंड के अनुसार यह 60 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार ने जनवरी 2019 में 'राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम' (एनसीएपी) शुरूकिया था। इसमें मप्र के छह शहरों समेत देशभर के 102 शहर शामिल हैं। इनमें मप्र के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, देवास, सागर और उज्जैन शामिल हैं। कार्यक्रम के तहत इन शहरों में प्रदूषण निगरानी केंद्रों की संख्या बढ़ाने, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट बनाने, जागरूकता बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके लिए कई विभाग मिलकर काम करेंगे। इन जिलों में इस कार्यक्रम के तहत 12 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस बारे में एमपी आईएमए प्रेसीडेंट डॉ. मुकुल तिवारी का कहना है कि वायु प्रदूषण का असर शरीर के सभी अहम अंगों पर पड़ रहा है। 90 साल तक चलने वाले फेफड़े 60 की उम्र में ही खराब हो रहे हैं। केंद्र सरकार प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा जिलों को 'राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम' में शामिल करे। और निगरानी केंद्र सभी जिलों यहां तक की उप जिलों में भी खोले जाएं। वहीं ग्रीनपीस इंडिया के सीनियर कैंपेनर अविनाश चंचल का कहना है कि आईएमए की यह बहुत अच्छी पहल है। 'राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम' में प्रदेश के शहरों की संख्या और निगरानी केंद्र बढ़ते हैं तो वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी।



(भोपाल) नगरीय विकास एवं आवास और उर्जा मंत्री ने किया आवासीय भवनों का भूमि पूजन

# सतना जिले में नर्मदा का पानी प्राथमिकता से लाया जायेगा

**भोपाल, एजेंसी।** नर्मदा घाटी विकास एवं पर्यटन मंत्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने कहा है कि सतना जिले में नर्मदा का पानी प्राथमिकता से लाया जायेगा। नर्मदा का पानी आने से जिले के किसानों को सिंचाई की सुविधा और नागरिकों को पीने का पानी उपलब्ध होगा। मंत्री श्री बघेल आज सतना जिले के नागौद में स्व. कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति फुटबाल टुर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि सतना जिले में नर्मदा का पानी लाने के लिये 15 वर्ष पहले कार्ययोजना तैयार की गई थी। उन्होंने बताया कि हाल ही में रीवा में विभागीय अधिकारियों की बैठक में बरगी परियोजना से जुड़ी तमाम अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम को विधायक राजेश कुमार शुक्ला, पूर्व मंत्री अजय सिंह और पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। स्व. कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति लीग फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सीआरपीएफ जालंधर एवं बंगलौर की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच में सीआरपीएफ जालंधर की टीम विजयी रही। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की गई।



### सीनियर अधिवक्ताओं को पेंशन जल्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 75 साल या उससे अधिक उम्र के अधिवक्ताओं को कमलनाथ सरकार सरकार जल्द ही पेंशन देने की तैयारी कर रही है। इस योजना का लाभ उन अधिवक्ताओं को मिलेगा जो लंबे समय तक बतौर अभिभाषक अपनी सेवाएं दे चुके हों और अब प्रैक्टिस करने में असमर्थ हों। यह जानकारी एक निजि चैनल के कार्यक्रम में विधि एवं जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे अधिवक्ता जो वरिष्ठ हों और प्रैक्टिस करने में असमर्थ हो गए हों, उन्हें राज्य सरकार 5000 की मासिक पेंशन देगी।

### अधिवक्ता परिषद ने भेजा था प्रस्ताव

पेंशन के मसौदे को तैयार करने वाली मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने बीते साल 23 मई को ही इसका प्रस्ताव बनाकर न्यास समिति अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास ट्रस्ट भोपाल को भेज दिया था। इस मसौदे के मुताबिक पेंशन का लाभ उम्रदराज अधिवक्ताओं को मिल सकेगा।

### इन्हें मिलेगी सरकारी की पेंशन

जिन्होंने 75 वर्ष या उससे ज्यादा की उम्र पार कर ली हो। जिन्होंने विधिक सेवा में करीब 50 वर्ष की सेवा दे दी हो। जिनकी सालाना आय दो लाख तक हो । मध्य प्रदेश में ऐसे अधिवक्ताओं की संख्या कुल 2200 है। मध्य प्रदेश में लगभग 90,000 से अधिक अधिवक्ता मौजूद हैं जिनमें से वेरीफाई किए गए कुल 56710 अधिवक्ता न्यायालीन कार्य में जुटे हुए हैं। राज्य अधिवक्ता परिषद ने सामान्य सभा की बैठक में पेंशन स्कीम को लेकर प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेज दिया है। इस मुद्दे पर विधि मंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद इसके जल्द लागू हो जाने की भी उम्मीद है। अगर इस मसौदे पर सरकार अंतिम मुहर लगाती है तो ऐसे करीब 2200 उम्रदराज अधिवक्ताओं को पेंशन का लाभ मिल सकता है।

### बच्चों के झगड़े में जेठानी ने देवरानी पर तेल डालकर लगा दी आग

**भोपाल।** राजधानी के बैरागढ़ इलाके में बच्चों को डाटने की बात पर देवरानी और जेठानी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की गुस्साई जेठानी ने देवरानी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर जेठ-जेठानी के लिए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बैरागढ़ पुलिस के मुताबिक गुड्डो बाई पत्नी मुन्नालाल बंसल (48) इंद्रा नगर कालोनी मछली मार्केट में रहती हैं। पड़ोस में ही उसके जेठ जग्गू बंसल और जेठानी फूलवती अपने परिवार के साथ रहती है। गुड्डो बाई ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह जेठानी के बच्चे उसके घर के सामने हंगामा करते हुए शोर मचा रहे थे, इसलिए उसने उन्हें फटकार कर भगा दिया था। जेठानी को जब यह बात पता चली तो उसने प्लास्टिक की शीशी में मिट्टी का तेल लेकर गुड्डोबाई पर उड़ेल दिया और आग लगा दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।

## बैराड़ नगरीय क्षेत्र पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नहीं डली

रिपोर्टर धीरज ओझा

**बैराड़/**नगर परिषद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसान को प्रोत्साहन राशि दी जा रही थी जिसमें बैराड़ नगर परिषद क्षेत्र के किसानो पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिला और जबकि ग्रामीण क्षेत्र में लगभग किसानों तीसरी क़िस्त तक प्रदान हो गई लेकिन बैराड़ नगर परिषद के कलामढ़, बैराड़, भदेरा, बमनपुरा,पचीपुरा, अमरगढ़ के किसानों को इस योजना से आज तक बंचित हैं।

### इनका कहना है

हमने पटवारी को कागज दिए लगभग चार महीने बीत गए लेकिन अभी तक हमारे खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं आई।

**सुरेश कृषक निवासी ग्राम बैराड़**

हमने इस विषय मे बात की है कि नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिली लेकिन इसमें सभी नगरीय क्षेत्र के हल्को में यह दिक्कत आ रही है जिसमें समग्र आईडी जैसा कुछ ईशु हैं हमने सम्बंधित अधिकारी को पत्र भेज दिया है

**रामनिवास धाकड नायब तहसीलदार बैराड़**

### सिद्धहस्थ शिल्पियों को मिलेंगे राज्य-स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार

**ग्वालियर।** राज्य शासन ने सिद्धहस्थ शिल्पियों को राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है । राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम ने सिद्धहस्थ शिल्पियों से पुरस्कार के लिये कलाकृतियों सहित 30 अप्रैल तक जिला स्तर पर प्रविष्टियाँ आमंत्रित की हैं। हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के कार्यालय अथवा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत में आवेदन जमा किये जा सकते हैं। राज्य स्तरीय विश्वकर्मा पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार में एक लाख, द्वितीय पुरस्कार में 50 हजार, और तृतीय पुरस्कार में 25 हजार रूपये प्रदान किये जाएंगे।

साप्ताहिक समाचार पत्र
पुष्पांजली टुडे
मिला-जुला
ग्वालियर सोमवार, 10 फरवरी 2020


## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन किसानों को करेगा जागरूक, लगाई जाएगी कार्यशाला

**भोपाल।** बड़े तालाब के कैचमेंट इलाके में की जाने वाली खेती में अच्छी उपज के लिए किए जा रहे पेस्टिसाइड और उर्वरकों का बड़ी माला में उपयोग रोकने के लिए अब प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है। इसकी वजह है इससे पानी का प्रदूषित होना। इसे रोकने के लिए अब जिला प्रशान इस इलाके में आर्गेनिक खेती अनिवार्य करने जा रहा है। खेती में उर्वरक का उपयोग रोकने और आर्गेनिक खेती के लिये किसानों को प्रेरित कर किसानों को जागरूक करने के लिए कलेक्टर ने कार्यशाला करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए है। कलेक्टर पिथोड़े ने कहा कि बड़े तालाब के पानी को दूषित होने से बचाने के लिये किये जा रहे प्रयासों में इसका महत्वपूर्ण योगदान होगा। किसानों को बताया जाए कि पेस्टिसाइड के प्रयोग से जमीन और वर्षा के समय यहां का पानी बहकर बड़े तालाब में मिलता है और पानी प्रदूषित होता है। इससे बचने के लिए कृषि विभाग कैचमेंट क्षेत्र के किसानों को आर्गेनिक खेती के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही फसल चक्र को अपनाने के लिये किसानों को बताया जाए। परपरागत खेती से जमीन की उर्वरकता क्षमता बढ़ती है और फसल में कीड़ा भी नहीं लगता है। कृषि अधिकारी उन सभी क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर किसानों से चर्चा करें उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें सलाह भी दें। यही नहीं किसानों को बताए कि उर्वरक के अत्याधिक उपयोग से न सिर्फ उनकी जमीन बल्कि भोपाल की लाइफ लाइन पर भी खतरा मंडराने लगा है।

### डॉ. सिकरवार ने संत रविदास जयंती पर 101 वरिष्ठ समाजसेवी एवं साधु-संत का सम्मान किया



ग्वालियर। संत षिरोमणि श्री गुरू रविदास जी की 643वीं जयंती के अवसर पर वरिश्ठ भाजपा नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने 101 वरिश्ठ समाजसेवियों एवं साधु-संत का षॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम संत षिरोमणि श्री गुरू रविदास आश्रम भीम नगर गॉधी रोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरूशोत्तम टमोटिया, षिवराम जाटव, चेतराम चौधरी, अर्जुन जाटव, सुधीर मण्डेलिया, गोपाल चौधरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के पश्चात् नागरिकों को भोज कराया गया।

कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुये डॉ. सिकरवार ने कहा कि संत रविदास जी 15वीं षताब्दी के एक महान संत, दर्षनषास्त्री, कवि, समाज-सुधारक और ईष्वर के अनुयायी थे। संत रविदास जी निर्गुण संत परंपरा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और प्रसिद्ध व्यक्ति थे और उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन को नेतृत्व देते थे। संत रविदास जी ईष्वर के प्रति अपने असीम प्यार और अपने चाहने वाले, अनुयायी, सामुदायिक और सामाजिक लोगों में सुधार के लिये अपने महान कविता लेखनों के जरिये संत रविदास जी ने विविध प्रकार की आध्यात्मिक और सामाजिक संदेष दिये। डॉ. सिकरवार ने कहा कि संत रविदास जी के स्मारक भारत देष में नही विदेषों में भी बनाये गये है। भारत देष में संत रविदास जी के वाराणसी में श्री गुरू रविदास पार्क, गुरू रविदास घाट, संत रविदास नगर, श्री गुरू रविदास जन्म स्थान मंदिर, श्री गुरू रविदास स्मारक गेट आदि बनाये गये है।

कार्यक्रम में दिनेष बरैया, संजय राजे, देवेन्द्र चौधरी, षैलेष चौधरी, सुनील रामपुरिया, गौतम कौषल, विजय माथुर, नेतराम टमोटिया, लाखन सिंह राजे, लोकमन ठेकेदार, के.के. अर्गल, गनपत लाल सूबेदार, विजय रोजिया, नरेष राजोरिया, कमलेष इन्दौरिया, लालसिंह बाबू, राजू जाटव, आकाष माथुर, षेरू चौधरी, षंकर लाल नार्वे आदि मौजूद रहे।

इन समाजसेवियों एवं साधु-संतक का किया गया सम्मानः- चेतराम चौधरी, राजाराम कदम, हजारीलाल, षंकरलाल मौर्य, गोपालसिंह चौधरी, विजय सिंह माथुर, लोकमन ठेकेदार, रामदयाल मैनेजर, नेतराम टमोटिया, चर्तुभुज ऐषवार, हरगोविन्द माथुर, आषाराम चौकोटिया, रामस्वरूप् नौरके, देवचन्द्र मौर्य, माधवसिंह मौर्य, गनपतलाल चौकोटिया, लज्जाराम जौनवार, षिवदयाल, विजय रोजिया, पंचमसिंह, गोविन्द ऐषवार, रेवतीप्रसाद नेताजी, कालीचरन सिंघल, भोलाराम, अमर सिंह, टिल्लूराम, पन्नालाल, भागीरथ मौर्य, लेखराज नार्वे, हरीलाल, रामचरण, षंकरलाल हरिया, कैलाष लहारिया, सूबेलाल, लालसिंह उच्चाडिया, प्रभुदयाल, ताराचन्द्र सनाड्या, भूपसिंह, रमेषचन्द्र अहिरवार, लक्ष्मीनारायण, कृपाराम, नारायण बौद्ध, किषनलाल मास्टर, मंषाराम बाबा, तुलसीराम मौर्य, सुरेष, हीरालाल, अषोक मण्डेलिया, रामदयाल सोनवाल, लाखनसिंह राजे, नरेष राजौरिया, चिरौन्जीलाल, सुभाश अन्सोलिया, लालसिंह बाबूजी, नत्थीलाल वित्तौलिया, उदयराज, लाखन षेखर, बापू, रमेष मौर्य, रामअवतार पण्डित, कृश्णा वित्तौलिया, सुभाश वित्तौलिया, राजू सनाड्य, षिषुपाल, रामअवतार पाटिल, सुरेष सुम्बे, कैलाषचन्द्र पाराषर, आकाष माथुर, अमरसिंह माथुर, प्रीतम सनाड्य, विषम्भर टमोटिया, महाराज सिंह राजौरिया, रामप्रसाद कौषल, रोषन कष्यप, के.के. अर्गल, महेन्द्र सनाड्य, राजाराम पाल आदि को सम्मानित किया गया।



नगर में शांति और सद्भाव बनाए रखने में

# प्रत्येक नागरिक की जवाबदारीः कलेक्टर

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने कहा कि ग्वालियर की आपसी सदभाव एवं भाईचारे की गौरवशाली परंपरा रही है। इस परंपरा को कायम रखते हुए नगर के प्रत्येक नागरिक की जवाबदारी है कि जिले में अमन, चैन एवं शांति का माहौल बना रहे। उक्त आशय की अपील रविवार को कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में की गई। पुलिस कंट्रोल रूम ग्वालियर में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेन्द्र तोमर एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित जनों ने पिछले दिनों नगर में घटित घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि हम सभी लोग ऐसे प्रयास करें कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। नगर में सामाजिक सदभाव एवं आपसी भाईचारा भी बना रहे। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों घटित घटना के दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। ऐसे तत्वों के विरूद्ध समाज के लोग ही आगे आकर कार्रवाई कराएं। उन्होंने कहा कि हमें युवा पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके

**जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न**

भविष्य को संवारने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें सकारात्मक सोच के साथ बौद्धिक प्रतिस्पर्धा चैन्नई एवं अन्य बड़े शहरों से करना है। कलेक्टर ने कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रात~ 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णत~ प्रतिबंध है। अत~ न्यायालय के आदेशानुसार एवं छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग न करें। कलेक्टर ने गत दिनों घटित घटना के संबंध में दोनों पक्षों को 5-5 प्रबुद्धजन एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने कहा कि कोई भी घटना होने पर कानून अपना कार्य करेगा। हमें अपनी सकारात्मक सोच के साथ ऊर्जा एवं समय का उपयोग नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण तथा यातायात सुधार व्यवस्था हेतु करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित जनों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर से भी लोगों को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने की अपील करें। बैठक में सर्वश्री अशोक बाल्मीकि, जयराज चौहान, राकेश जादौन, मुकेश मौर्य, डॉ. सजन सिंह चौहान, सीताराम करोसिया, डॉ. सुरजीत सिंह भदौरिया, शैलेन्द्र, बसंत आदि ने भी अपने-अपने विचार रखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

# विधायक श्री गोयल ने भगत सिंह नगर में सी.सी रोड का किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर के अंतर्गत रविवार को वार्ड-19 के अंतर्गत भगत सिंह नगर में 12 लाख रूपये की लागत से बनने जा रही सी.सी. रोड का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर क्षेत्रीय विधायक श्री मुन्नालाल गोयल द्वारा किया गया । इस मौके पर विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह नगर क्षेत्र के रहवासी पिछले काफी समय से ऊबड़ खाबड़ सड़क के चलते काफी परेशानियों का सामना कर रहे थे । यह सड़क मार्ग पूरी तरह जीर्णशीर्ण हालत में था । लेकिन अब सी.सी रोड बन जाने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी । उन्होंने आगे कहा कि मेरा प्रयास है कि क्षेत्र की जनता ने मुझे चुनकर जिस कार्य के लिये



जवाबदेही सौंपी है, उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूँगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री दिनेश शर्मा, पार्षद बलवीर सिंह तोमर, इस्लाम खां, दुर्गा प्रसाद दुबे, बबलू तोमर, हरिसिंह यादव, जोगेन्द्र यादव, रामबाबू श्रीवास, अशोक शर्मा, गौरव तिवारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### जिला परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 12 फरवरी को

ग्वालियर। जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 12 फरवरी 2020 को कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी की अध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2019-20 में शासकीय योजनाओं के तहत आवंटित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा, शासन द्वारा प्रायोजित योजनाओं के एनपीए ऋण खाते एवं आरआरसी दायर खातों पर चर्चा, जिले के समस्त बैंकों के ऋण जमा अनुपात पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक साख योजना का निर्धारण, स्केल ऑफ फायनेंस 2020-21 का निर्धारण, सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी। बैठक में जिले की सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम परिसर में दिव्यांगों हेतु रैम्प निर्माण की प्रगति, आरसेटी एवं वित्तीय साक्षरता की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

## जनसमस्या निवारण शिविर क्षेत्र क्रमांक 4 पर 12 फरवरी को

**ग्वालियर।** आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ एवं अन्य जन समस्याओं के निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 12 फरवरी को जोन क्रमांक 4, तानसेन नगर, मिलन गार्डन, रमटापुरा ग्वालियर में सुबह 10 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा। प्रदेश सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर आम जन की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शासन द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, घरेलू कामकाजी महिला कार्ड, श्रमिक कार्ड आवेदन, बिजली का बिल, पानी का बिल, राजस्व आदि जनकल्याणकारी समस्याओं का निदान अधिकारियों द्वारा त्वरित किया जायेगा। हितग्राही योजना का लाभ लेने के लिए योजना से संबंधित कागज लेकर शिविर में उपस्थित रहे जिससे योजना का लाभ तुरंत मिल सके।

# सहकारिता निरीक्षक को मिली एसटीएफ से धमकी!

**भोपाल।** सहकारिता निरीक्षक सुधाकर पांडेय ने एसटीएफ (स्पेशल टॉस्क फोर्स) पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। इस मामले की सहकारिता निरीक्षक द्वारा शिकायत कलेक्टर तरुण पिथोड़े सहित मुख्यमंत्री व मुख्यसचिव को की गई है।

**झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देने का आरोप**

दरअसल, एक ही पते पर संचालित हो रही गौरव, गुलाबी और महाकाली सोसायटी की जांच कर रिपोर्ट उपायुक्त सहकारिता विनोद सिंह को सौंपना सहकारिता निरीक्षक को भारी पड़ गया है। रिपोर्ट सौंपते ही उपायुक्त ने उन्हें गौरव गृह निर्माण सोसायटी के प्रशासक पद से हटा दिया। वहीं दूसरे ही दिन उनके जहांगीराबाद स्थित घर पर आकर कुछ एसटीएफ के पुलिसकर्मियों ने उठाकर उन्हें 4 घंटे तक परेशान किया। इस दौरान सहकारिता निरीक्षक के घर की जबरदस्ती तलाशी भी ली गई। वहीं सहकारिता निरीक्षक को जबरदस्ती उठाकर जहांगीराबाद थाना ले गए। इसके बाद सिटी डिपो के पास एसटीएफ कार्यालय में ले गए। इस पर सुधाकर पांडेय ने जवाब दिया तो पुलिसकर्मियों ने उनके साथ झूमाझपटी भी की। जब इस बात की सूचना पुलिस अधिक्षक एसटीएफ राजेश भदौरिया को लगी तो उन्होंने तत्काल उन्हें मुक्त करवाया और तीन एसटीएफ पुलिसकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कहने लगे। हालांकि इस घटना के बाद सहकारिता निरीक्षक काफी डरे हुए है। सहकारिता निरीक्षक सुधाकर पांडेय का कहना है कि रात 8 बजे अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में जेल पहाड़ी के वहां तीन व्यकितयों द्वारा उन्हें रोका गया। मुझे जान से मारने की धमकी दी गई।



पाल में रविवार को रविंद्र भवन में कछुआ समाज का युवा युवती परिचय सम्मेलन हुआ।

# खिलाड़ी खेल भावना एवं अनुशासन से खेलेंः सांसद श्री शेजवलकर



**11वीं अखिल भारतीय सिंधिया फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु डीएफए ग्वालियर का विजई आगाज**



**ग्वालियर।** नगर निगम द्वारा आयोजित 11वीं अखिल भारतीय राजमाता विजय राजे सिंधिया फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज रविवार को एल एन आई पी के हरे-भरे मैदान पर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ने अध्यक्षता की। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि सांसद श्री शेजवलकर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मेरे लिए यह खुशी की बात है कि मेरे द्वारा जो पौधा लगाया गया, वह आज नगर निगम ने जीवित रखा है। इस तरह के टूर्नामेंट कारगर सिद्ध होंगे। खिलाड़ी मैच जीतने से ज्यादा दर्शकों का दिल जीतना अच्छा है। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर मैच प्रारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री बीके त्यागी, सहायक खेल अधिकारी श्री ओवैस सिद्धकी, सचिव जिला फुटबॉल संघ श्री शिबबीर सिंह भदोरिया, वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री अयोध्या शरण शर्मा, गजेंद्र तिवारी, राजेंद्र शर्मा मास्टर आदि के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण पुष्पगुच्छ बैठ कर स्वागत किया। मैच का परिणाम डीएफए ग्वालियर के द्वारा मेहमान टीम यंग वायज क्लव छत्तीसगढ को 6-0 से हराकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। ग्वालियर के जामिया ने 5,12,57, प्रकाश ने 44,47, एंव मिली ने 62 मिनट में गोल किए। निगम नोडल खेल अधिकारी श्री बीके त्यागी ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी को तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मैच डायमंड फुटबॉल क्लब बालाघाट विरुध सारा फुटबॉल क्लब मुंबई 09:30 बजे, दूसरा मैच आदिवासी फुटबॉल क्लब इंदौर विरुद्ध विजय फुटबॉल क्लब जयपुर 11:30 बजे एवं तीसरा मैच लायंस क्लब जबलपुर बिरुद डीएफए ग्वालियर के बीच 1.30 बजे खेला जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कालोनी भिण्ड रोड गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/MPHIN31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भरत सिंह चौहान। E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333- मोबा.8269307478,